वसुधैव कुटुम्बकम्

सनातन - वैश्य वर्ण

अग्रवाल समाज वंशावली

A wealth of knowledge on genealogy

।। वार्षिक पुस्तक 2023 ।।

वसुधैव कुटुम्बकम्

सनातन - वैश्य वर्ण

अग्रवाल समाज वंशावली

।। वार्षिक पुस्तक 2023 ।।

हर्ष वर्धन गोयल (सिंगापुर)

(लेखक एवं संकलन कर्ता)

agrvanshawali@gmail.com

पौष, शुक्ल पक्ष द्वादसी सोमवार विक्रमी सम्वत २०८०
२२ जनवरी २०२४

पूजनीय

माताजी

एवं

पिताजी

को

समर्पित

।। मंगलाचार ।।

ॐ असतो मा सद्गमय ।
तमसो मा ज्योतिर्गमय ।
मृत्योर्मा अमृतं गमय ।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

हे प्रभु! मुझे असत्य से सत्य की ओर, मुझे अन्धकार से प्रकाश की ओर, मुझे मृत्यु से अमरता की ओर ले चलो॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

Lead us from unreality to reality. Lead us from darkness to light. Lead us from death to immortality. Om Peace Peace Peace ll

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥

|| अस्वीकरण (DISCLAIMER) ||

पुस्तक संग्रह वसुधैव कुटुम्बकम् - अग्रवाल समाज वंशावली - वार्षिक पुस्तक 2023 और उसके साथ संलग्न पुस्तिकाओं के निरूपण, टंकण और प्रकाशन में और उसके अन्य स्वरूपों का प्रस्तुतीकरण अत्यधिक सजगता के साथ किया गया है यह पुस्तक संग्रह किसी भी मान्यता, वर्तमान नियम और नीति के उल्लंघन का मंतव्य नहीं रखती और न ही करती है न ही कोई अपना नवीन मत प्रस्तुत करती है या उसका अनुमोदन करती है इसका दृष्टिकोण तटस्थ है और लेखक को प्रस्तुत सामग्री यथावत प्रस्तुत की गयी है कथचित लेखों में त्रुटियां, पूर्वाग्रह, प्रतिरूप में वर्तिनी और संग्रह में भिन्न मत रह सकते हैं। हम पाठकों को इन समस्याओं के समाधान पाने में सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। अधिकांशतः लेख और वंशावली पूर्ण अथवा आंशिक रूप से सहयोगी व्यक्तियों द्वारा प्रदत हैं इन लेखों में वैज्ञानिक, शैक्षणिक अथवा व्यावसायिक योग्यताओं का अभाव हो सकता है।

यह संकलन स्वयंसेवकों और योगदानकर्ताओं के सहयोग और रुचि पर आधारित है। यह किसी भी प्रकार की किसी भी न्याय व्यवस्था में दंडनीय नहीं है मात्र सन्दर्भ के लिए अन्य सन्दर्भों की पुष्टि के लिए प्रयोग की जा सकती है। यदि इस कृति से किसी भी प्रकार की क्षति अथवा व्यवधान पहुँचता है तो इस पुस्तक से सम्बंधित कोई भी व्यक्ति और संस्थान उत्तरदायी नहीं है।

किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए लेखक को सूचित करें कमी सुधार ली जाएगी।

।। अनुक्रमणिका।।

।। कुलदेवी महालक्ष्मी का आशीर्वाद ।।

उवाच मधुरा वाणी, साधूनामभयकरी।
वरं ब्रूहि महाराज, यस्ते मनसि वर्त्तते।।
ददामद्यैव सकलं, तव पूजा प्रतोषिता ।। महालक्ष्मी वृत कथा 90।।

महालक्ष्मी अपनी मधुर वाणी में बोली, मैं तुम्हारी भक्ति से प्रसन्न हूँ, हे यथेष्ठ, जो तुम्हारे हृदय में कामना हो वह वर मांगो, मै तुम्हे मनोइच्छित वर देती हूँ ।

तब कुलं न विमोक्ष्यामि, यावच्चन्द्र दिवा करौ।
वशं भवतु ते शक्रो, सदेवों बलवाहनः।। महालक्ष्मी वृत कथा 92।।

जब तक सूर्य चन्द्रमा विद्यमान हैं तेरे कुल पर कृपा दृष्टि रखूंगी, इन्द्र आदि देवता तुम्हारे सहायक होंगे अग्रकुल के जन बलवान और वाहनयुक्त होंगे।

आधार अभवत्येषा, कथा ममुतवान्विता।
भुवि येषां गृहे पूजा, लिखिता चापि पुस्तकी।। महालक्ष्मी वृत कथा 93।।

तदहं न विमोक्ष्यामि, यावती पृथिवीमिमा।
प्रसादं च स्वयं भुक्त् वा नान्यस्यै प्रति पादयेत।। महालक्ष्मी वृत कथा 94।।

इस जगत में जिस-जिस घर में मेरी पूजा होती है जब तक पृथ्वी रहेगी मैं उनका साथ नहीं छोड़ूंगी। जो मेरा प्रसाद ग्रहण कर औरो को दें , विद्वान को भोजन करावे, जिस घर में विधि विधान से पूजा होवें उस घर से दरिद्रता नष्ट हो जाएगी।

शत्रु रोग भयं नारित कुल कीत्ति प्रवर्धनं।
पुत्र पौत्र कुलैः सार्ध भुक्ष्व राज्यमकंटकम्।। महालक्ष्मी वृत कथा 96।।

शत्रु या रोग का भय नहीं रहेगा कुल और कीर्ति सदा बढ़ती रहेगी। अपने पुत्र-पौत्र और कुल के साथ बिना किसी बाधा के राज्य का भोग करोगे।

स देहेन च गोलोकमन्ते यास्यसि निश्चितम्।
ध्रुवस्थ पूर्वे द्वौ तारौ भविष्ये च प्रियासह।। महालक्ष्मी वृत कथा 97।।

निसंदेह तुम्हें स्वर्गलोक प्राप्त होगा, राजन तुझे मेरा यह सब आशीर्वाद है, तुम्हारा वंश ध्रुव की भांति सदा अटल रहेगा।

|| मंगलकामनाएँ ||

हर्ष वर्धन गोयल
(संपादक)

सृष्टि की श्रेष्ठतम रचनाओं में से एक रचना है मनुष्य। मनुष्य की श्रेष्ठता का आधार है, विवेक और बुद्धि के उपयोग से सृजन, जिनसे वह संसार में अपने कर्म करता हुआ भौतिक और बौद्धिक सृजन की और अग्रसर रहता है। इस सम्पूर्ण जगत की सुंदरता का आधार उस परम पिता परमेश्वर द्वारा द्वारा रचित मनुष्य रूपी प्राणी है। वसुधैव कुटुम्बकम्, महान सनातन संस्कृति और धर्म का मूल संस्कार तथा विचारधारा है जो अनेको ग्रन्थों में लिपिबद्ध है।

ये जीवन रक्षक वसुधा अर्थात धरती ही मेरा कुटुम्ब है, परिवार है। उदार हृदय वाले सनातनी लोगों की तो सम्पूर्ण धरती ही परिवार है। सनातन धर्म में कर्म को प्रधान माना है। सामाजिक व्यवस्था में वर्गीकरण तो मात्र कर्म का वर्गीकरण है, न कि मनुष्य का वर्गीकरण। मनुष्य अपनी स्वेच्छा से अपने कर्म का निर्धारण करने के लिए सदैव स्वतंत्र है। वसुधैव कुटुम्बकम् सनातन संस्कृति का मूलभूत सिद्धांत है और हम सब एक बहुत वृहद वैश्विक परिवार के सदस्य हैं।

पूर्व काल में सभी जन अपनी वंशावली को संजो कर रखते थे किन्तु कुछ आक्रान्ताओं के कारण और कुछ इच्छा शक्ति की कमी से यह सनातनी परम्परा, जो हम सबको एक सूत्र में जोड़कर रखती थी, इसकी कड़ी टूट सी गयी है। परिवार छोटे होते जा रहे हैं और हम अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं और ज्ञान के अभाव में समाज कई इकाईयों में बँटता जा रहा है। यदि हम सब अपनी वंशावली जोड़े तो पाएँगे कि हम सब सनातनी हैं। वस्तुतः हम सब ब्रह्मा की संतान हैं और एक ही ब्रह्मा से उत्पन्न हुए हैं।

किसी भी समाज की एकजुटता का आधार उसकी एकबद्धता है और अग्रवालों के वंशों को सहजती यह पुस्तक इस दिशा में एक अनूठा प्रयास है इस पुस्तक के प्रकाशन पर मैं अपने अग्रवाल समाज जी का विशेष आभार व्यक्त करना चाहता हूँ जो सनातन संस्कृति की सरंक्षण के लिए अथक प्रयास कर रहा हैं यह पुस्तक उनके और उनके कुटुंब के अथक प्रयास और सहयोग का सुखद फल है आइए, एक प्रयास करें और अपनी समृद्ध संस्कृति को, अपनी जड़ों को पुन: बल प्रदान करें!

सभी के लिए मंगलकामनाएँ!!

हर्ष वर्धन गोयल
(संपादक)

हमें अपने वंश वृक्ष को संरक्षित करने की आवश्यकता क्यों है

आइए हम यह समझने की कोशिश करें कि हमारे वंश वृक्ष की खोज करना, जानकारी प्राप्त करना, इकट्ठा करना और संरक्षण करना हमें कैसे प्रभावित करता है।

हमारी जड़ें - हमारी पहचान

यह जानने के बाद कि हम कहाँ से हैं, हमारी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि क्या है और हम कहाँ से आए हैं, हमें इस बात की समझ विकसित करने में सहयक होती है कि हम वास्तव में कौन हैं। जिस तरह से हम अपनी पारिवारिक कहानियों से संबंधित होते हैं और अपने बारे में अपने स्वयं से जुड़ते हैं, वह हमारी अनूठी, प्रामाणिक मूल पहचान स्थापित करने में सहायता करता है। और इससे हमें असीम मानसिक शांति प्राप्त होती है।

संबंध

पारिवारिक अतीत, वर्तमान और भविष्य के साथ संबंध बनाना, एक मानवीय आवश्यकता है। इससे हमारा खालीपन दूर होता है। प्रत्येक मनुष्य लगाव, अपनेपन और संबंध की इच्छा रखता है और वंशावली, उसे अपने समुदाय से जोड़ने में सहायक होती है ।

करुणा का भाव

हमारे पूर्वजों के इतिहास को सीखने से हमें एक मानसिक बल प्राप्त होता है जो सामने आने वाली चुनौतियों की अधिक समझ करने में सहायक होता है और हमें, अधिक प्रेम और करुणा को और प्रेरित करता है। यह करुणा हमारे परिवारों के भीतर और उनके बाहर लोगों के साथ हमारे संबंधों को सुधरने में सहायक होती है , जितना अधिक हम अपने अतीत के बारे में जानते हैं, उतना ही अधिक हम अपने लोगो के के साथ जुड़ाव महसूस करते हैं।

निःस्वार्थता का भाव

निस्वार्थ भाव से सहयोग करने और कार्य करने की क्षमता मानवता के लिए अद्वितीय है। हमारे इतिहास को सीखना, इसे संरक्षित करना न केवल हमारे संबंधित परिवार से, बल्कि पूरे मानव परिवार को जुड़ने का और निस्वार्थ सहयोग प्रदान करना का वातावरण देता है।

आत्म-मूल्य

अपने इतिहास से सीखना, और उसे संरक्षित करना हमें अलगाववाद , व्यक्तिवाद , कट्टरपंथ से दूर करता है। जब हमें ज्ञात होता है कि हम सब एक ही ब्रह्म की संतानें हैं और कोई छोटा बड़ा ऊँच-नीच नहीं है, कुछ लोग दम्भ के कारण अपने वंश को उच्च कह सकते हैं किन्तु वास्तविकता वह होती है कि वे स्वयं क्या है। सभी वंश एक ही ब्रह्म से उत्पन्न हुए हैं ऐसा जान बुद्धिमान पुरुष सभी उच्च जनों को अपना आदर्श मानते हैं। यह हमें आत्म- मूल्यांकन का अवसर प्रदान करता है।

।। वंशावली पुस्तकों की सूची।।

पुस्तक	विवरण
वसुधैव कुटुम्बकम् - अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 (मूल भाग)	मूल पुस्तक, महाराजा अग्रसेन जी का परिचय, गोत्र परिचय, कुटुंबनाम परिचय, वंशावलियों की सूची आदि
वसुधैव कुटुम्बकम् - अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 1 - ऐरन (Airan) गोत्र	ऐरन (Airan) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 2 - बंसल (Bansal) गोत्र अंक 1	बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 1 से 10 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 2 - बंसल (Bansal) गोत्र अंक 2	बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 11 से 20 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 2 - बंसल (Bansal) गोत्र अंक 3	बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 11 से 20 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 2 - बंसल (Bansal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 1	तुलसियान परिवार बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 2 - बंसल (Bansal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 2 देवड़ा परिवार	देवड़ा परिवारबंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 2 - बंसल (Bansal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 3	बिहरोरिया परिवार बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 2 - बंसल (Bansal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 4	जालान परिवार बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 2 - बंसल (Bansal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 5	झुनझुनवाला परिवार बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ

|| वंशावली पुस्तकों की सूची||

पुस्तक	विवरण
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 2 - बंसल (Bansal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 6	जुमानपुरका पोतदार परिवार बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 4 - बिंदल (Bindal) गोत्र अंक 1	बिंदल (Bindal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 1 से 10 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 4 - बिंदल (Bindal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 1	लडिया परिवार बिंदल (Bindal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 6 - गर्ग (Garg) गोत्र अंक 1	गर्ग (Garg) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 1 से 10 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 6 - गर्ग (Garg) गोत्र अंक 2	गर्ग (Garg) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 11 से 20 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 6 - गर्ग (Garg) गोत्र अंक 3	गर्ग (Garg) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 21 से 30 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 6 - गर्ग (Garg) गोत्र अंक 4	गर्ग (Garg) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 31 से 40 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 6 - गर्ग (Garg) गोत्र अंक 5	गर्ग (Garg) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 41 से 50 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 6 - गर्ग (Garg) गोत्र अंक 6	गर्ग (Garg) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 51 से 60 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 6 - गर्ग (Garg) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 1	बगड़िया परिवार गर्ग (Garg) गोत्र की वंशावलियाँ

|| वंशावली पुस्तकों की सूची||

पुस्तक	विवरण
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 7 - गोयल (Goyal) गोत्र अंक	गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ 1 संकलन 1 से 10 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 7 - गोयल (Goyal) गोत्र अंक 2	गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 11 से 20 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 7 - गोयल (Goyal) गोत्र अंक 3	गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 21 से 30 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 7 - गोयल (Goyal) गोत्र अंक 4	गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 31 से 40 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 7 - गोयल (Goyal) गोत्र अंक 5 संकलन 41 से 50 तक	गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 7 - गोयल (Goyal) गोत्र अंक 6 संकलन 51 से 60 तक	गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 7 - गोयल (Goyal) गोत्र अंक 7 संकलन 61 से 70 तक	गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 7 - गोयल (Goyal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 1	भारूका परिवार गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 7 - गोयल (Goyal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 2	मोर परिवार गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 7 - गोयल (Goyal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 3	तुहीराम परिवार गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ

|| वंशावली पुस्तकों की सूची||

पुस्तक	विवरण
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 7 - गोयल (Goyal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 4	मनसीखिरिया परिवार गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 7 - गोयल (Goyal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 5 नम्बरदार परिवार	नम्बरदार परिवार गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 8 - गोयन/गंगल (Goyan/Gangal) गोत्र	गोयन/गंगल (Goyal/Gangal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 9 - जिंदल (Jindal) गोत्र	जिंदल (Jindal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 10 - कंसल (Kansal) गोत्र	कंसल (Kansal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 11 - कुछल (Kucchal) गोत्र	कुछल (Kucchal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 12 - मधुकुल (Madhukul) गोत्र	मधुकुल (Madhukul) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 13 - मंगल (Mangal) गोत्र अंक 1	मंगल (Mangal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 13 - मंगल (Mangal) गोत्र अंक 2	मंगल (Mangal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 1 से 20 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 13 - मंगल (Mangal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 1	बमोरी परिवार मंगल (Mangal) गोत्र की वंशावलियाँ

|| वंशावली पुस्तकों की सूची||

पुस्तक	विवरण
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 14 - मित्तल (Mittal) गोत्र अंक 1	मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 1 से 10 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 14 - मित्तल (Mittal) गोत्र अंक 2	मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 14 - मित्तल (Mittal) गोत्र अंक 3	मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 21 से 30 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 14 - मित्तल (Mittal) गोत्र अंक 4	मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 31 से 40 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 14 - मित्तल (Mittal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 1	बगड़िया परिवार मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 14 - मित्तल (Mittal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 2	तिरखा परिवार मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 14 - मित्तल (Mittal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 3	मंडीवाला परिवार मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 14 - मित्तल (Mittal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 4	कंदोई परिवार मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 14 - मित्तल (Mittal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 5	महमिये परिवार मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 14 - मित्तल (Mittal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 6	अंगारके परिवार मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ

।। वंशावली पुस्तकों की सूची।।

पुस्तक	विवरण
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 15 - नांगल (Nangal) गोत्र	नांगल (Nangal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 16 - सिंघल (Singhal) गोत्र अंक 1	सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 1 से 10 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 16 - सिंघल (Singhal) गोत्र अंक 2	सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 11 से 20 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 16 - सिंघल (Singhal) गोत्र अंक 3	सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 21 से 30 तक
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 16 - सिंघल (Singhal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 1	लाठ परिवार सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 16 - सिंघल (Singhal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 2	चनाणी परिवार सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 16 - सिंघल (Singhal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 3	नवेटिया परिवार सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 16 - सिंघल (Singhal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 4	जगतरामका परिवार सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 16 - सिंघल (Singhal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 5	खोवाला परिवार सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 16 - सिंघल (Singhal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 6	समराया परिवार सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ

|| वंशावली पुस्तकों की सूची||

पुस्तक	विवरण
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 17 - तायल (Tayal) गोत्र	तायल (Tayal) गोत्र की वंशावलियाँ
वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2023 शाखा 17 - तायल (Tayal) गोत्र कुटुंबशाखा अंक 1	सेढू परिवार तायल (Tayal) गोत्र की वंशावलियाँ

।। अग्रोहा, वैश्य कुल और धन के स्वामी कुबेर का संबंध - शोध पत्र ।।

श्री हर्ष वर्धन गोयल, सिंगापुर

महान सनातन पौराणिक कथाओं में कुबेर को धन का स्वामी अर्थात गणेश धनेश का स्थान प्राप्त है, कुबेर धन के देवता हैं। कुबेर न केवल धन के देवता माने जाते हैं अपितु वे यक्षों के राजा भी हैं। और उत्तर दिशा के दिक्पाल भी है उन्हें संसार के रक्षक अर्थात लोकपाल का सम्माननीय स्थान भी प्राप्त है। धन और ऐश्वर्य के देवता का निवास स्थान पहले लंका और बाद में अलकापुरी हुआ, इनके पिता ऋषि विश्रवा और माता देववर्णिणी हैं। कुबेर की भार्या भद्रा हुईं, जो सूर्य देव और छायदेवी की पुत्री थी। धन के देवता कुबेर ने उससे विवाह किया, जिनसे उनकी नलकुबेर, मणिभद्र, गंधमादन संतान हुईं, इनकी सवारी वराह और नकुल है।

अग्रोहा की खुदाई से मिले नाना प्रकार के आभूषण और मूर्तियों में, कुबेर की मूर्तियाँ भी मिली हैं। ये मूर्तियों बहुत ही प्राचीन हैं , इससे अनुमान होता है कि अग्रोहा के वैश्य लोग लक्ष्मी के साथ धन के अधिपति कुबेर की पूजा भी करते रहे होंगे। आइए, आज हम धन के स्वामी कुबेर और उनके वैश्य कुल से संबंधों के बारे में जानेंगे।

"पूर्वकाल में ब्रह्मा जी ने अनेक प्राणी बनाएँ और उन्हें समुद्र के जल की रक्षा का कार्य सौंपा तब उन प्राणियों में से कुछ बोले कि हम इसकी रक्षा अर्थक रक्षण करेंगे और कुछ ने कहा कि हम इसका यक्षण अर्थक पूजा करेंगे। इस पर ब्रह्माजी ने कहा, तथास्तु , जो रक्षण करेगा वह राक्षस कहलायेगा और जो यक्षण करेगा वह यक्ष कहलायेगा। इस प्रकार वह प्राणियों का वर्ग, दो जातियों में बँट गए।

राक्षसों में हेति और प्रहेति दो भाई थे। प्रहेति तपस्या करने चला गया, परन्तु हेति ने भया से विवाह किया जिससे उसके विद्युत्केश नामक पुत्र उत्पन्न हुआ। विद्युत्केश के सुकेश नामक पराक्रमी पुत्र हुआ। सुकेश के माल्यवान, सुमाली और माली नामक तीन पुत्र हुए। तीनों ने ब्रह्मा जी की तपस्या करके यह वरदान प्राप्त कर लिए कि हम लोगों का प्रेम अटूट हो और हमें कोई पराजित न कर सके। वर पाकर वे निर्भय हो सुरों-असुरों को सताने लगे।

माल्यवान के सात वज्रमुष्टि, विरूपाक्ष, दुर्मुख, सुप्तघ्न, यज्ञकोप, मत्त और उन्मत्त नामक पुत्र हुए। सुमाली के प्रहस्त्र, अकम्पन, विकट, कालिकामुख, धूम्राक्ष, दण्ड, सुपार्श्वस, संह्लादि, प्रधस एवं भारकर्ण नमक दस पुत्र हुए। माली के चार पुत्र अनल, अनिल, हर और सम्पाती हुए।

।। अग्रोहा, वैश्य कुल और धन के स्वामी कुबेर का संबंध - शोध पत्र ।।

ये सब बलवान और दुष्ट प्रकृति के थे और ऋषि-मुनियों को कष्ट दिया करते थे। उनके कष्टों से दुःखी होकर ऋषि-मुनिगण भगवान विष्णु की शरण में गए तब दयावान भगवान् विष्णु ने उन्होंने आश्वासन दिया कि हे ऋषियों! मैं इन दुष्टों का अवश्य ही संहार करूँगा। जब राक्षसों को इस प्रकरण की सूचना मिली तो वे सब मन्त्रणा करके संगठित हो माली के सेनापतित्व में इन्द्रलोक पर आक्रमण करने के लिये चल पड़े। इंद्र स्वयं भगवान विष्णु की सरण में पहुँचे, भयंकर युद्ध हुआ और सेनापति माली सहित बहुत से राक्षस मारे गए माल्यवान युद्धभूमि में बचे हुआ राक्षसों के साथ लड़ा किन्तु भगवान विष्णु के हाथों अन्त में वह भी काल का ग्रास बना। भगवन नारायण के संहार से डर से शेष बचे हुये राक्षस सुमाली के नेतृत्व में पाताल में जा बसे।

यह तो पूर्व का इतिहास था आइये अब वैश्य कुल के बारे में जाने , सनातन धर्म में वैश्य वर्ण की उत्पत्ति का उल्लेख अनेको प्राचीन ग्रंथों जैसे यजुर्वेद, अथर्ववेद, गरुड़ पुराण, वराह पुराण, मनुस्मृति, वर्णविवेक चंद्रिका, वर्णविवेक सार आदि में किया गया है। ज्ञाति भास्कर, वर्णविवेक चन्द्रिका इत्यादि अनेकों पुस्तकों में सृष्टि का उत्पत्ति क्रम बताते हुए वैश्यों की उत्पत्ति का भी वर्णन किया गया है। कि किस प्रकार परम पिता ब्रह्मा के उदर से वैश्य कुल का निर्माण हुआ। प्रजापति ब्रह्मा के उदर से वैश्यों के मूलपुरुष दिष्टि महापुरुष हुए, दिष्ट के पुत्र का नाम था नाभाग, नाभाग ने वैश्य कर्म अपनाया, उनके का पुत्र वैश्य शिरोमणि भलन्दन हुए, भलनन्दन और उनकी स्त्री मरूत्वती से वत्सप्रीति नामक संतान हुई और वत्सप्रीति से प्रांशु हुए। प्रांशु के 6 पुत्र हुए जिनका नाम क्रमशः मोद, प्रमोद, बाल, मोदन, प्रमर्दन, शंकु और कर्ण हुआ। इनके भी पृथक-पृथक वैश्य कर्म अपनाए। प्रमर्दन के पुत्र प्रमति, प्रमति के खनित्र, खनित्र के चाक्षुष और उनके विविंशति पुत्र हुए। विविंशति के पुत्र रम्भ और रम्भ के पुत्र खनिनेत्र-दोनों ही परम धार्मिक हुए। उनके पुत्र करन्धम और करन्धम के अवीक्षित् नामक विश्व विख्यात पुत्र हुए अवीक्षित् के पुत्र मरुत्त चक्रवर्ती राजा हुए। उनसे अंगिरा के पुत्र महायोगी संवर्त्त ऋषि ने यज्ञ कराया था। मरुत्त का यज्ञ बहुत अद्वितीय था, उस जैसा यज्ञ पहले कभी नहीं हुआ था। उस यज्ञ की विशेष बातों में एक बात यह थी कि उस यज्ञ के समस्त छोटे-बड़े पात्र अत्यन्त सुन्दर एवं शुद्ध सोने के बने हुए थे। यज्ञ में मरुद्गण और विश्वेदेव सभासद थे। उस यज्ञ में देवता बहुत प्रसन्न हुए और बहुमूल्य दक्षिणाओं से ब्राह्मण तृप्त हो गए थे। कहते हैं कि ब्राह्मणों को इतना दान दिया कि वे उसे ले जा भी न पाए और दान का अधिक कुछ वहीं छोड़ गए। वही बचे हुए स्वर्ण पात्र और धन, जो द्वापर युग में युधिष्ठिर को प्राप्त हुआ, महाराजा युधिष्ठिर ने भव्य यज्ञ किया।

।। अग्रोहा, वैश्य कुल और धन के स्वामी कुबेर का संबंध - शोध पत्र ।।

मरुत्त के पुत्र का नाम था दम। दम से राज्यवर्धन, उससे सुधृति और सुधृति से नर नामक पुत्र की उत्पत्ति हुई। नर से केवल, केवल से बन्धुमान्, बन्धुमान् से वेगवान, वेगवान से बन्धु और बन्धु से राजा तृणबिन्दु का जन्म हुआ। वैश्य कुल के मान चक्रवर्ती सम्राट तृणबिन्दु की अलमबुशा नामक अप्सरा से इडविडा नामक उत्पन्न पुत्री हुई।

आइये अब हम यक्ष वंश का वर्णन करते है परमपिता ब्रह्मा के दस मानस पुत्रों मैं से एक पुलस्त्य नामक पुत्र हुए जो उन्हीं के समान तेजस्वी और गुणवान व प्रथम मन्वन्तर के सात सप्तर्षियों में से एक थे। महर्षि पुलस्त्य का आश्रम महगिरि पर्वत पर स्थित था पुलस्त्य ऋषि का विवाह कर्दम ऋषि की नौ कन्याओं में से एक से, हविर्भू नामक कन्या से हुआ उनसे ऋषि के दो पुत्र उत्पन्न हुए -- महर्षि अगस्त्य एवं विश्रवा।
विश्रवा महान ऋषि पुलस्त्य के पुत्र थे। स्वयं अपने पिता के समान वेदविद् और धर्मात्मा थे। विश्रवा की पत्नी थी इलाविडा जिन्हे वरवर्णिनी नाम से जाना जाता है जो वैश्य कुल चक्रवर्ती सम्राट तृणबिन्दु की अलमबुशा नामक अप्सरा से उत्पन्न पुत्री थी। उनसे ही वैश्रवण तथा विभीषण नामक पुत्र हुए थे, इस प्रकार धन के स्वामी कुबेर की माता वैश्य कुल की राजकुमारी थीं।
प्रतापी वैश्रवण बहुत ही धर्मात्मा और विद्वान थे उसने भारी तपस्या करके ब्रह्मा जी को प्रसन्न किया और यम, इन्द्र तथा वरुण के सदृश लोकपाल कुबेर का पद पाया।
अब हम पौराणिक कथाओं में वर्णित, स्वर्ण नगरी लंका की कहानी कहते हैं। एक बार लक्ष्मी जी और विष्णु जी भगवान शिव-पार्वती से मिलने के लिए कैलाश पर पधारे। कैलाश के वातावरण में अत्यधिक शीतलता होने के कारण लक्ष्मी जी ठंड से ठिठुरने लगीं। कैलाश पर ऐसा कोई महल भी नहीं था जहाँ पर लक्ष्मी जी को थोड़ी राहत मिलती इसलिए लक्ष्मी ने सहज भाव से पूछ लिया कि एक राजकुमारी भला इस प्रकार जीवन कैसे व्यतीत कर सकती हैं। कैलाश से जाते-जाते उन्होंने पार्वती और शिव जी को बैकुण्ठ आने का निमंत्रण दिया। माँ लक्ष्मी के न्योते को स्वीकार करते हुए कुछ दिन बाद शिव और मां पार्वती एक साथ बैकुण्ठ धाम पहुँचे।
बैकुण्ठ धाम के वैभव को देखकर पार्वती जी आश्चर्यचकित रह गईं। जिसके बाद उनके अंदर लालसा जगी कि उनके पास भी एक वैभवशाली महल हो और मां पार्वती, कैलाश पर भगवान शिव से महल बनवाने की हठ करने लगीं। भगवान शिव ने पार्वती जी को भेंट करने के लिए विश्वकर्मा से विश्व का अद्वितीय स्वर्ण महल बनवाया।

।। अग्रोहा, वैश्य कुल और धन के स्वामी कुबेर का संबंध - शोध पत्र ।।

सयोंगवश, ऋषि पुलस्त्य के पुत्र विश्रवा गृह प्रवेश यज्ञ के पुरोहित बने और देव इच्छा से वशीभूत स्वर्ण महल को यज्ञ दक्षिणा में माँग बैठे, इतना सुंदर और भव्य स्वर्ण महल पूरे त्रिलोक में अद्वितीय था।

भगवान शिव को ब्राह्मण का खाली हाथ लौटाना धर्म विरुद्ध लगा क्योंकि शास्त्रों में वर्णित है कि आए हुए याचक को कभी भी खाली हाथ नहीं जाने देना चाहिए, अतः भोले शंकरजी ने खुशी-खुशी महल दान में दे दिया। इस प्रकार लंका पर विश्रवा और उनके बड़े पुत्र कुबेर का अधिपत्य हुआ

इधर, राक्षसों के विनाश से दुःखी होकर पातळ में रहते सुमाली ने अपनी पुत्री कैकसी से कहा कि पुत्री! राक्षस वंश के कल्याण के लिये मैं चाहता हूँ कि तुम परम पराक्रमी महर्षि विश्रवा के पास जाकर उनसे पुत्र प्राप्त करो। वही पुत्र हम राक्षसों की देवताओं से रक्षा कर सकता है।

कैकसी ने विश्रवा की बहुत सेवा की और पुलस्त्य ऋषि के पुत्र और महर्षि अगस्त्य के भाई महर्षि विश्रवा ने राक्षसराज सुमाली और ताड़का की पुत्री राजकुमारी कैकसी से विवाह किया था। चूँकि केकशी ने छल से विश्रवा से विवाह किया जिससे विश्रवा ने केकशी को श्राप दिया कि मेरे द्वारा उत्पन्न पुत्र राक्षस ही होंगे। कैकसी के तीन पुत्र और एक पुत्री थी- रावण, कुम्भकर्ण, विभीषण और सूर्पणखा। रावण ने दिति के पुत्र मय की कन्या मन्दोदरी से विवाह किया, जो हेमा नामक अप्सरा के गर्भ से उत्पन्न हुई थी। विरोचनपुत्र बलि की पुत्री वज्रज्वला से कुम्भकर्ण का और गन्धर्वराज महात्मा शैलूष की कन्या सरमा से विभीषण का विवाह हुआ।

रावण बहुत ही क्रूर और अत्याचारी निकला। ऋषि पुत्र होने के कारण वह शास्त्रों का ज्ञाता था किन्तु वह बहुत ही अधर्मी और दुष्ट प्रवति का निरकुंश शासक था उसके अत्याचारों से धरती काँप उठी। जब कुबेर ने रावण के अनेक अत्याचारों के विषय में जाना तो अपने एक दूत को रावण के पास भेजा। दूत ने कुबेर का संदेश दिया कि रावण अधर्म के कार्यों को छोड़ दे। रावण के नंदनवन उजाड़ने के कारण सब देवता भी उसके शत्रु बन गये हैं। रावण ने क्रुद्ध होकर उस दूत को अपनी खड्ग से काटकर राक्षसों को भक्षणार्थ दे दिया। कुबेर को यह सब जानकर बहुत बुरा लगा। रावण तथा राक्षसों का कुबेर तथा यक्षों से युद्ध हुआ। यक्ष बल से लड़ते थे और राक्षस माया से, अत: राक्षस विजयी हुए। रावण ने माया से अनेक रूप धारण किए तथा कुबेर के सिर पर प्रहार करके उसे घायल कर दिया और बलात् उसका पुष्पक विमान और लंका पुरी का राज्य तथा समस्त संपत्ति छीन ली।

।। अग्रोहा, वैश्य कुल और धन के स्वामी कुबेर का संबंध - शोध पत्र ।।

कुबेर अपने पितामह के पास गए। उनकी प्रेरणा से कुबेर ने शिवाराधना की। कुबेर ने भगवान शंकर को प्रसन्न करने के लिए हिमालय पर्वत पर तप किया। तप के अंतराल में शिव तथा पार्वती दिखाई पड़े। कुबेर ने अत्यंत सात्त्विक भाव से पार्वती की ओर बाएँ नेत्र से देखा। पार्वती के दिव्य तेज से वह नेत्र भस्म होकर पीला पड़ गया। कुबेर वहाँ से उठकर दूसरे स्थान पर चला गया। वहाँ कुबेर ने घोर तप किया और प्रसन्न होकर शिव ने कहा-'तुमने मुझे अपने तप के बल से जीत लिया है। तुम्हारा एक नेत्र पार्वती के तेज से नष्ट हो गया, अत: तुम एकाक्षीपिंगल कहलाओगे। फलस्वरूप उन्हें 'धनपाल' की पदवी दी और गौतमी के तट का वह स्थल जहाँ कुबेर ने तपस्या की थी धनदतीर्थ नाम से विख्यात है।

इस प्रकार वैश्य कुल की माता से जन्मा कुबेर धनपाल और दिक्पाल बना । अतः अग्रोहा में कुबेर की मूर्ति मिलना मात्र एक संयोग नहीं अपितु हमारी प्राचीन संस्कृति और इतिहास और धरोहर का एक अटूट अंग है।

।। वर्णवाल भी है अग्रवाल।।

श्री हर्ष वर्धन गोयल, सिंगापुर

इतिहास शब्द दो शब्दों से बना है इति + हास। इतिहास अर्थात यह घटित हो चुका है, संभवतः इंग्लिश भाषा का शब्द हिस्टरी भी हास धातु से ही बना है। इतिहास में ज्ञात घटनाओं को व्यवस्थित ढंग से बुनकर ऐसा चित्र उपस्थित करने का प्रयास किया जाता है जो सार्थक और सुसंबद्ध हो। इतिहास के मुख्य आधार घटनास्थल के वे अवशेष होते हैं जो कहानियों, दन्तकथाओं, लोकगीतों, प्राचीन पुस्तकों, वास्तु अवशेषो आदि रूप में चारो ओर बिखरे पड़े होते हैं। कई बार पर्याप्त साधनों के होते हुए भी यह नहीं कहा जा सकता कि कल्पनामिश्रित एतिहासिक चित्र निश्चित रूप से शुद्ध या सत्य ही होगा। इसलिए कुछ विद्वान् कहते हैं कि इतिहास की संपूर्णता असाध्य सी है किन्तु प्राप्य तथ्यों और सामग्री के आधार पर वैज्ञानिक ढंग से जाँच, विवेक और ऐतिहासक कल्पना की शक्ति तथा सजीव चित्रण की क्षमता के यथोचित संमिश्रण से इतिहास का उचित स्वरूप रचा जाता है।

इसी अवधारणा के साथ आज हम वर्णवाल वैश्य समाज की उत्पत्ति पर कुछ बिंदु रखेंगे, यह तो सर्विदित है कि वर्णवाल समाज की स्थापना महाराजा अरिवरण ने की थी मेरी शोध, उनकी वंशावली और समाज को जोड़ने पर आधरित है आपके लिए प्रस्तुत है।

हम सभी जानते हैं कि अग्रवाल समाज के प्रणेता प्रातः समरणीय श्री महाराजा अग्रसेन हुए। महाराज अग्रसेन ने राजधर्म के साथ अहिंसा परमोधर्म का व्रत अपनाया और बिखरे हुए समाज को एक रुपया एक ईंट की आधारभूत सहायता देते हुए अपने वंशजों को वैश्य कर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने १८ यज्ञ किये और १८ पुत्रों का एक-एक गोत्र निश्चित किया। महाराजा अग्रसेन के गेंदुमल नामक पुत्र से गोयल गोत्र चला, कुंवर गेंदु मल जी का पहला विवाह रोह्ताश्गढ़ (गढ़लौटा) के राजा चंद की पुत्री, राजकुमारी चन्द्रावती से हुआ, चंद्रावती से चार पुत्र पारशिव, कहरशिव, उमाशिव व नमाशिव और चार पुत्रिया नमौशी, नारायणी,मधुवंती व अर्धावती हुई।

गेन्द्रूमलस्य पुत्रोभूद्वाराक्षो नाम वैश्यकः ।
तद्वंशे वर्णलालोभून्मतिमाँल्लोकविश्रुतः ॥

गेंदु मल जी का दूसरा विवाह नाग वंश की राज कन्या ताम्बूलदेवी से हुआ

इनसे चार पुत्र वराक्ष, खराक्ष, रम्भाक्ष, तमाक्ष हुए और तीन कन्या नमो, वंती, नारायणी व वेद वंती हुई। खराक्ष (कहीं कहीं पर कराशिव भी लिखा है) के पुत्र भारामल और भारामल जी के पुत्र गंधरप हुए।

महाराजा अग्रसेन ने गणराज्य व्यवस्था से राज्य स्थापित किया अपने पिता के समान ही कुंवर गेंदमल जी भी अपने गणराज्य के एक योग्य और पराकर्मी राजा हुए और उनकी मृत्यु के पश्चात्, उनके बड़े पुत्र राजा बने और कई पुत्रों ने अन्य स्थानों की और प्रस्थान किया। इसी क्रम में तेंदू मल के पुत्र वाराक्ष का दिनोद गांव (वर्तमान उत्तर प्रदेश) में आगमन हुआ और परिपाटी के अनुसार यह अग्रवाल (पूर्ववत - राजपूत) वैश्य परिवार स्थान परक नाम डोड अथवा दिनोदिया नाम से संबोधित हुआ। ज्ञात्त रहे कि दिनोदिया अग्रवालों का वर्तमान में भी एक उपनाम है जिनका गोत्र गोयल होता है।

दिनोद गांव का क्षेत्र वही 'अहर' क्षेत्र का बाहरी भाग था जो हस्तिनापुर की पतन के बाद, पांडवों का प्रमुख स्थल बना था। महाराज वाराक्ष की सातवीं पीढ़ी में राजा परमाल हुए। राजा परमाल एक बहुत ही योग्य और कुशल प्रशासक थे। महाराज वाराक्ष के वंशज राजा परमाल ने 'अहार' नामक स्थान में अपने राज्य की नींव डाली। पौराणिक कथा के अनुसार इस स्थान पर पांडवों के वंशज ‘जनमेजय’ ने अपने पिता परीक्षित को तक्षक नाग द्वारा डसे जाने का बदला लेने के लिए नागवंश को समूल नष्ट करने के लिए सर्पयज्ञ किया था। यह वही क्षेत्र था जहाँ भगवान शिव का अपने ससुर प्रजापति दक्ष से संवाद हुआ था, यहीं अहार गांव का बहुत ही प्राचीन और प्रसिद्ध मां अवन्तिका का मंदिर था (वर्तमान में भी स्थित है) जहाँ भगवान श्री कृष्ण ने अपनी प्रियतमा रुकमणी का वरन किया जबकि शिशुपाल रुकमणी से, उसकी इच्छा के विरूद्ध विवाह करना चाहता था।

अब मुख्य बिंदु पर आते हैं, राजा परामल का विवाह राजकुमारी भद्रावती से विवाह हुआ, भद्रावती दक्षिण प्रान्त के शासक भद्रनाग की बहन थी। राजा परामल ओर राजकुमारी भद्रावती ने वरण वन के वृक्षों के मध्य एक महान पुत्र को जन्म दिया, वह महान पुत्र वरण नाम से जाना गया। और राज्याभिषेक हो जाने पर

महाराजा अहिबरन नाम से, आर्य नरेश महाराजा अहिबरन ने खाण्डवदेश भाग का उद्धार किया और नदी के तट पर जहां उनका जन्म हुआ था वहाँ उन्होंने वरन नगर नाम (वर्तमान में बुलंदशहर) से एक नगर बसाया। इक्षुमती नदी को तभी से वरणावती नदी (वर्तमान में काली नदी) कहा जाने लगा,

।। वर्णवाल भी है अग्रवाल।।

महाराजा अहिबरन ने अपने पूर्व पितामह महाराजा अग्रसेन के चरण चिन्हों पर चल समाज को फिर से संगठित किया। सूर्यवंशी महाराजा अहिबरन का विवाह खांडव के राजा की पुत्री राजकुमारी वारणावती से हुआ था। और इस प्रकार महाराजा अहिबरन से बरनवाल समाज की उत्पत्ति हुई। इक्षुमती नदी अर्थात वरणावती नदी के पश्चिम वरण वृक्षों का सघन क्षेत्र था, उसको अपनी राजधानी बनाकर महाराज अहिबरन ने चन्द्रावती राज्य का विस्तार किया। चन्द्रावती से वरणावती तक भद्रावत क्षेत्र 'बरन' नगर नामक राजधानी से संचालित होता था। बरनवाल वंश के अग्रज राजा परमाल ने जिस नगर का निर्माण किया था वह काली नदी के आस पास की भूमि से वह स्थान काफी ऊँचा था अतैव साधारण जन समुदाय में वह ऊँचा नगर (कोट) के नाम से प्रसिद्ध हो गया उसके अंश अब तक देखे जा सकते हैं।

महाराजा अहिबरन और महारनी वारणावती के महाराजा भद्रवाह नामक पुत्र हुआ। भद्रवाह नरेश ने चन्द्रावती राज्य का विस्तार किया कालान्तर में वरणावती नदी के पश्चिम का समग्र वरन वृक्षों का संघन क्षेत्र वारण: जनपद कहा जाने लगा। महाराजा अहिबरन के शासन में चन्द्रावती राज्य का समृद्ध व गौरवशाली समाज अध्यात्मिक ज्ञान व वेदों के सिद्धातों पर आधारित था। जिनमें ग्राम स्तर पर कालान्तर समाज की शिक्षा अनुशासन एवं स्थापित में वरण परम्पराओं के अन्तर्गत व्यवस्थित थी। शासन का दायित्व समाज सुरक्षा व न्याय प्रदान करना होता था। मानपुर से प्राप्त पुरातात्विक साक्ष्य के अनुसार डोड वंश के अनेकों राजाओं ने बरन पर शासन किया। प्राप्त ताम्रपत्र में राजा हरदत्त के वंशानुक्रम राजाओं का स्पष्ट उल्लेख है, जोकि निम्न प्रकार से है। 1. चन्द्रक , 2. धरनी वाराह , 3. प्रभास, 4. भैरव, 5. रूद्र 6. गोविन्द राज, 7. हरदत्त, 8. भागादित्य 9. श्री कुलदित्य, 10. विक्रमादित्य 11. भूपति (पद्मादित्य) 12. भोजदेव, 13. सहजदित्य, 14. अनंग हुए।

सन् 1193 ई0 में राजा चन्द्रसेन के समय में बरन पर मोहम्मद गौरी ने आक्रमण किया। राजा ने इस आक्रमण से दुर्ग की रक्षा के लिए कड़ा संघर्ष किया और मोहम्मद गौरी के सेनापति को वीरता पूर्वक लड़कर यमलोक दिखाया लेकिन स्वजातीय अजय पाल तथा देशद्रोही हीरा सिंह की सत्तालोनुपता के कारण शत्रु दुर्ग में प्रवेश कर गये और राजा ने वीरगति को प्राप्त की। मोहम्मद तुगलक दिल्ली का सुल्तान बन गया और उसने दोआब (बरन) में असहनीय भूमिकर लगाया। और प्रजा को पलायन के लिए विवश किया।

।। वर्णवाल भी है अग्रवाल।।

मुगल शासन काल में बरन शहर का फारशी नाम बुलंदशहर कर दिया गया किन्तु सभी राजकीय कार्य न्यायालय आदि में आज भी इस महान राजा के सम्मान में बरन शहर ही लिखा जाता है। महाराजा अग्रसेन के पुत्र का नाम गेंदमल होना, उनका विवाह चंद्रवती से होना, उनके पुत्र का नाम वराक्ष होना, गोयल गोत्र होना, डोड/दिनोदिया उपनाम का गोयल गोत्र होना, वर्णवाल और अग्रवाल का वैश्य होना, गणराज्य आधरित राज्य करना, आपस में रोटी-बेटी का सम्बन्ध होना, सभी तथ्य एक-रूपता को स्थापित करते हैं कि वर्णवाल भी अग्रवाल ही हैं। दिए बिंदुओं पर कदाचित और शोध कर इसे निर्विवाद अकाट्य रूप से स्थापित किया जा सकता है।

।। बौद्ध चंपेय्य जातक कथा - महाराजा अग्रसेन का वर्णन ।।

श्री हर्ष वर्धन गोयल, सिंगापुर

प्राचीन उपनिषदों के काल से लेकर वर्तमान समय तक भारतीय मनीषी, जनमानस का पथ प्रदर्शन विभिन्न कथाओं, आख्यायिकाओं और दृष्टान्तों के माध्यम से करते रहे हैं, उन्हें सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाते रहे हैं और इसी सनातनी प्रवृत्ति के आधार पर जातककथाओं का भी विकास हुआ। विद्वानों का मानना है कि जातक कथाएँ, गौतमबुद्ध के निर्वाण के बाद उनके शिष्यों द्वारा लिखी गयी थीं। इन कथाओं में माध्यम से, भूत और वर्तमान के प्रसिद्ध व्यक्तित्व की कथा वस्तु को लेकर नीति और धर्म को समझाने का प्रयास किया गया है। वस्तुतः जातक कथाएँ लोक-साहित्य का ही एक रूप हैं।

यह कथा बौद्ध पुस्तक चंपेय्य नामक जातक में वर्णित है जिसमें महाराजा अग्रसेन को एक समृद्ध, न्यायप्रिय, प्रजा वत्सल और सभी प्राणियों के हित के रक्षक रूप में वर्णित किया गया है। यद्यपि महाराजा अग्रसेन का राज्य वाराणसी बताया गया है परंतु प्रायः लोककथाओं में यह प्रवृति देखने को मिलती है कि सदाचारी न्यायप्रिय राजा के गुण दर्शाने के लिए राजा को धर्म नगरी वाराणसी का राजा बता दिया जाता था। महाराजा अग्रसेन का नागवंश से सम्बन्ध विश्वविदित है, यह चंपेय्य नामक जातक कथा उस सम्बन्ध के होने को और अधिक पुष्ट करती है। यह कथा इतिहासिक अन्वेषण में बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती है।

यह गाथा है चंपा नगरी के नागराज चंपेय्य की जिसे एक प्रवीण तक्षशिला से शिक्षित युवक ने अपने बुद्धि और मन्त्र बल से सम्मोहित कर लिया था और युवक सपेरा प्रवृत्ति में लिप्त होकर, नगर-नगर जा कर नाग और नागमणि का प्रदर्शन करवा कर धनोपार्जन करता था। अंततः किस प्रकार वह महाराजा अग्रसेन के दरबार में पहुँचते हैं और वहाँ उन्हें मुक्ति मिलती है।

कथा इस प्रकार है - एक समय की बात है अंग और मगध राज्य के पास एक चंपा नामक नदी थी जहां नागों का निवास स्थान था, वहां का राजा नागराज चंपेय्य बहुत प्रभुत्व और संपन्न राजा था।

एक बार मगध और अंग राज्य में युद्ध छिड़ गया। युद्ध बड़ा भयंकर हुआ। मगध का राजा जब अंग के योद्धाओं द्वारा पीछा करते हुए पीछे हटने लगे तब वह चंपा नदी के पास पंहुचे, उस समय चंपा नदी में बाढ़ आ हुई थी। उसने सोचा, "शत्रुओं के हाथों मरने से इस नदी में डूबकर मरना श्रेष्ठ है!" ऐसा सोचकर मगध के राजा अपने घोड़ा सहित नदी के कूद गए।

।। बौद्ध चंपेय्य जातक कथा - महाराजा अग्रसेन का वर्णन ।।

लेकिन राजा और उसका घोड़ा जैसे ही नदी में और अंदर गए वह यकायक एक विचित्र नगरी में उतरे जहाँ नागराज चंपेय्य का दरबार लगा था। नागराज राजा चंपेय्य ने नदी में पानी के नीचे अपना नगर बसाया था वह स्वयं एक रत्नजड़ित मंडप पर बैठे थे और अपने दरबार के बीच में उस समय मनोरंजक कार्यक्रम का आनंद ले रहा रहे थे ।

मगध राजा ने नागराज को देखा और नागराज ने मगधराज को, दोनों चकित थे नागराज ने अपने स्थान से उठकर, मगधराज को आदर किया और उसे किसी भी प्रकार से न डरने का आश्वासन दे कर उनके आने का कारण पूछा। राजा ने सब कुछ ज्यों का त्यों बता दिया। तब नागराज ने कहा, "हे राजा, किसी बात से मत डरो! मैं तुम्हें दोनों राज्यों का स्वामी बनाऊंगा।" इस प्रकार उस ने उसे सान्त्वना दी, और सात दिन तक उसका बड़ा आदर करते रहे। सातवें दिन वह मगध राजा के साथ नाग महल से निकल, नागो की शक्ति से, मगध ने अंग पर भी अधिपत्य कर लिया और फिर दोनों राज्यों पर मगध का शासन हो गया।

इस प्रकार एक बार मनुष्य लोक देखने पर, कुछ वर्षों बाद नागराज चंपेय्य के मन में भी पुनः इच्छा हुई कि वह मनुष्यों के लोक को विस्तार से देंखे मनुष्यों के बीच जाये और उनका अनोखा संसार देंखे। यह विचार करते हुए इच्छाधारी नाग ने अपना नाग का रूप उतार दिया, और भव्य पोशाक और आभूषण पहन मानव लोक में जाने के लिए सज्ज हुआ तब उसकी नागिन पत्नी ने उसे चेतवानी दी और बोली "यह हमारे नियमों का उल्लंघन है नागों को ऐसा नहीं करना चाहिए।

लेकिन अपनी इच्छा से आगे नागराज नहीं माना और वह शीघ्र ही लौटने की बात कह महल से निकलकर एक सीमांत गांव की ओर चला गया। उस गांव के निवासियों ने उसे महान पराक्रमी नागों का राजा समझकर उसके लिए एक मण्डप स्थापित किया और उसके सामने सुगन्धित द्रव्यों और सुगन्धित वस्तुओं से उसकी पूजा की। नागराज चंपेय्य बहुत प्रसन्न हुआ और रात्रि होने से पहले ही वह अपने महल में लौट आया। एक प्रकार समय-समय पर नागराज चंपेय्य मनुष्यों के बीच जाने लगा।

एक दिन उसकी पत्नी सुमना ने कहा कि हे प्रभु ! मुझे आपका इस प्रकार बार-बार मनुष्यों के बीच में जाना उचित नहीं लगता हैं। मनुष्यों की दुनिया बहुत जटिल और भय से भरी है।

।। बौद्ध चंपेय्य जातक कथा - महाराजा अग्रसेन का वर्णन ।।

मान लीजिए कि आप पर कोई संकट आ जाए, तो मैं किस संकेत से इसके बारे में जानूँगी। तब नागराज उसे एक जलकुम्भ के पास ले गया, और कहा, "यदि कोई मुझ पर आक्रमण करेगा अथवा चोट पहुँचाएगा, तो इसका पानी गंदा हो जाएगा। यदि कोई पक्षी मुझे उठा ले जाएगा, तो इसका पानी सूख जाएगा। यदि कोई सपेरा मुझे पकड़ लेगा तो पानी का रंग लाल रंग का हो जायेगा। इन तीन संकेतों से तुम समझ जाना और वह अपने महल से बाहर चला गया, उसकी मणि की चमक से सारा पथ प्रकाशित हो रहा था।

उन दिनों बनारस का एक युवा छात्र तक्षशिला से एक विश्व-प्रसिद्ध शिक्षक के चरणों में अध्ययन करके वापिस अपने राज्य आया था, उसने कई गुप्त विधाओं को सिद्धहस्त कर लिया था। उसने सम्मोहन और आकर्षण के मन्त्र को भी सिद्ध किया था वह मन्त्र पढ़ किसी भी प्राणी को आपने नियंत्रण में कर सकता था।

वापिस लौटे समय उसने मार्ग पर नाग को देखा जिसकी मणि बहुत दूर से चमक रही थी उसने सोचा "मैं इस नाग को पकड़ लूंगा तो इसे नगर-नगर गांव-गांव दिखाकर बहुत सा धन कमा सकता हूँ। "

उसने आकर्षण का मन्त्र दोहराते हुए नाग को वशीभूत कर लिया। नागराज ने अपने पूर्ण विष के साथ उस सपेरे पर प्रहार किया किया किन्तु उस शिक्षित युवक ने पहले से एक जड़ी-बूटी खाई थी, जिससे उस पर विष का कोई प्रभाव नहीं हुआ। उसने सम्मोहन मन्त्र पढ़ा और नाग को पूंछ से पकड़ लिया, और फिर उसके सिर को कसकर पकड़ लिया उसके दांत तोड़ उसे विषहीन कर दिया।

युवक ने एक व्यवासिक सपेरे की भांति नाग को टोकरी में रख लिया और गांव ले जाकर भीड़ के सामने उसका प्रदर्शन किया। सहस्त्रों की संख्या में लोग ने जीवित नाग को मणि के साथ देखा उन्होंने बहुत सारा धन दिया, एक ही दिन में उसे इतना धन मिल गया तो युवक सपेरे का लालच बढ़ गया तो उसने सोचा, "एक छोटे से गाँव में मैंने यह सब प्राप्त किया है यदि में नगर में प्रदर्शन करूँ तो न जाने कितना धन मिलेगा। राजाओं और दरबारियों से मैं जितना भी धन चाहूँ उतना धन प्राप्त कर सकता हूँ!" ऐसा निर्णय कर वह महाराजा अग्रसेन के राज्य में नाग के प्रदर्शन की इच्छा से चल पड़ा।

वह गांव-गांव, नगर-नगर नाग का प्रदर्शन करता हुआ महाराजा अग्रसेन की समृद्ध महानगरी आ पहुँचा। वहाँ नगर के फाटकों के पार के गाँवों में नाग का प्रदर्शन कर उसे बहुत धन मिला।

।। बौद्ध चंपेय्य जातक कथा - महाराजा अग्रसेन का वर्णन ।।

उस सम्मोहित नाग के नृत्य की चर्चा महाराजा अग्रसेन के दरबार तक पहुंची, महाराजा ने भी उसे तुरंत बुलवा भेजा।

नगर में चारो और चर्चा थी कि राजमहल में एक नाग अपनी मणि से साथ नाचेगा, लोग इसे देखने के लिये बड़ी संख्या में एकत्रित होने लगे। अगले दिन जब राज दरबार लगा, सपेरे को बुलाया गया तो सपेरे ने एक रत्नजड़ित टोकरी को गलीचे पर रखा। महाराज महल की ऊपरी मंजिल से नीचे आएं और लोगों की एक बड़ी भीड़ के बीच अपने रत्न जड़ित सिहासन पर बैठ गए। सपेरे ने टोकरी से नाग को बाहर निकाला और सम्मोहित नाग ने नृत्य प्रारम्भ किया नाग का नृत्य देखकर लोग शांत नहीं रह सकें, वहाँ विचित्र-सा कोलाहल मचा गया था।

इधर चंपा नगरी में नागराज की पत्नी सुमना बड़े दिनों से बहुत चिंतित थी। नागराज को गए पूरा एक माह बीत गया था, वह सोचने लगी कि मेरे पतिदेव बहुत दिन से वापस नहीं आये हैं; बात क्या हो सकती है? तो उसने जलकुम्भ में देखा, पानी खून की तरह लाल था। तब वह तुरंत समझ गई कि उसे किसी सपेरे ने पकड़ लिया होगा। वह महल से निकल कर गांव में गई, और पूछताछ की; और उसने भी राजमहल में नाग के नृत्य की चर्चा सुनी तो वह तुरंत समझ गई और महाराज अग्रसेन की नगरी की ओर चली।

जब सुमना महाराजा अग्रसेन के राज्य में पहुंची को राजभवन से उच्च कोलाहल सुना आतुर हो वह तुरंत महल के मध्य प्रांगण में पहुंची वहां उसने अपने पति को महाराजा अग्रसेन के दरबार में एक सपेरे का दास बने देखा। वह लोगों के बीच में, महल के आंगन के ऊपर, हवा में ही खड़ी होकर विलाप कर करने लगी। विलाप सुन, नृत्य करते हुए नागराज चंपेय्य ने ऊपर देखा , वह सुमना को अचानक दरबार में उपस्थित देख चौंक उठा, वह बहुत बहुत लज्जित हुआ। उसका सम्मोहन टूट गया और वह सर्प का रूप त्याग अपने राजसी स्वरुप में आ गया। सभी उस इच्छाधारी नाग के इस विचित्र काया पलट से आश्चर्यचकित थे।

सुमना भी प्रकट हो आकाश से नीचे आई और उसके पास खड़ी हो गई। दोनों नाग दम्पति महाराजा अग्रसेन के पास पहुंचे और उनके सामने श्रद्धापूर्वक सम्मान के साथ हाथ जोड़कर खड़े हो गए और मुक्ति की प्रार्थना करने लगे। उन्होंने अपनी सारी कहानी सुनायी। महाराजा अग्रसेन न्यायप्रिय राजा थे, वे उनकी करुण-कहानी से प्रभावित हुए।

।। बौद्ध चंपेय्य जातक कथा - महाराजा अग्रसेन का वर्णन ।।

उन्होंने सपेरे के कहा "मैं तुम्हें यह रत्नजड़ित सुंदर सिंहासन और उसके अतिरिक्त जितनी भी चाहो स्वर्ण मुद्रा, बैल, गाएँ आदि ले लो किन्तु नागराज को मुक्त कर दो। सपेरा को भी अपनी भूल समझ आ गयी थी, उसने उत्तर दिया, "मुझे उपहार नहीं चाहिए, महाराज मैं अब नागराज को अपने बंधन से मुक्त करता हूँ।"

महाराजा अग्रसेन से चंपेय्य राजा को संबोधित किया कि तुम अब स्वतंत्र हो।

चंपेय्य राजा ने कहा "हे महान राजा, प्रजापालक, सभी प्रकार से प्रजा का पालन-पोषण करने वाले स्वामी, उनके हितों की रक्षा करने भूपति, सदैव अहिंसा के वृत पर चलने वाले महान महापुरुष, मै तुम्हारा सम्मान करता हूँ, आदर करता हूँ।

नागराज चंपेय्य नरेश में महाराजा अग्रसेन को चंपा नगरी आने का निमन्त्रण दिया जिसे महाराजा अग्रसेन ने स्वीकार किया।

कुछ समय पश्चात् महाराजा अग्रसेन ने नागों की नगरी जाने का मन बनाया और कुछ दिनों के लिए उनके राज्य में भी अतिथि के रुप में रहे। नागराज ने स्वयं उन्हें नागों की नगरी के दर्शन कराएं, बहुमूल्य वस्तुएं नगर-द्वार और रत्न जड़ित स्तम्भों युक्त भव्य महल दिखाएं। नागों की नगरी बहुत वैभव पूर्ण थी, सभी मार्गों को मणिकों से शानदार ढंग से बनाए सजाया हुआ था। महाराज अग्रसेन से अनेको महलों से युक्त उस रमणीय नगरी को देखा। मुख्य महल का मुख्य कक्ष एक सुर्ख सूरज की भाँति उच्च कोटि के हीरो और मणिकों से दमक रहा था दिव्य इत्र पवन को सुगंधित कर रहे थे। नागलोक में उन्होंने बहुत ही स्वादिष्ट भोजन को ग्रहण किया और सभी प्रकार के सुखों का आनंद उठाया। वहाँ वह चंपेय्य का अथितिय ग्रहण करने के बाद जब वापिस अपने राज्य को लौट आये। तो नागराज ने महाराजा अग्रसेन के सम्मान में कई सौ रथ रत्न, स्वर्ण और अनेको दिव्य वस्तुएँ उपहार में दीं। महाराजा अग्रसेन बड़ी धूमधाम से उन उपहारों के साथ नागलोक से अपनी नगरी लौट आये।

कथा कहती है कि उस समय से पूरे भारत की धरती सुनहरी थी। जिस प्रकार कहते हैं कि अग्नि के बिना धुआं नहीं उठता उसी प्रकार प्रत्येक श्रुति का भी कोई न कोई आधार अवश्य होता है हालाँकि समय और परिस्थितियों के अनुसार उनमे कुछ बदलाव होता रहता है। परंतु इसमें किंचित मात्र भी संदेह नहीं कि महान भारत को किसी समय सोने कि चिड़िया कहा जाता था और महाराजा अग्रसेन एक अहिंसाप्रिय, करुणामय, प्रजा वत्सल राजा हुए जिनकी संतानें आज भी उनका स्मरण कर भाव विभोर हो उठती हैं।

।। योगदान आभार।।

सिंघल (Singhal) गोत्र वीर
श्री अरुण लाठ

गोयल (Goyal) गोत्र वीर
श्री अशोक गुप्ता

गोयन/गंगल
(Goyal/Gangal) गोत्र वीर
श्री भारत भूषण अग्रवाल

गर्ग (Garg) गोत्र वीर
श्री श्याम सुन्दर बागरिया

गोयन/गंगल
(Goyal/Gangal) गोत्र वीर
श्री दिव्य भूषण गुप्ता

बंसल (Bansal) गोत्र वीर
डॉ लोकमणि बंसल

।। योगदान आभार।।

जिंदल (Jindal) गोत्र वीर
श्री गोविन्द जिंदल

बिंदल (Bindal) गोत्र वीर
श्री लीलाधर लडिया

मित्तल (Mittal) गोत्र वीर
श्री देवेंद्र मित्तल

गोयल (Goyal) गोत्र वीर
श्री रितेश भारूका

मंगल (Mangal) गोत्र वीर
श्री सचिन अग्रवाल (मंडावर बिजनौर)

नांगल (Nangal) गोत्र वीर
श्री प्रदीप नागल

।। योगदान आभार।।

कुटुंब वीर बंसल (Bansal) गोत्र
श्री गोपीराम गुप्ता जी

कुटुंब वीर बंसल (Bansal) गोत्र
श्री टीकम चंद अग्रवाल

कुटुंब वीर गोयल (Goyal)
श्री विनोद नम्बरदार

कुटुंब वीर बंसल (Bansal) गोत्र
श्री राजेंद्र बंसल

कुटुंब वीर (ऐरन (Airan) गोत्र
श्री राम नाथ अग्रवाल

कुटुंब वीर (ऐरन (Airan) गोत्र
श्री ललित कुमार अग्रवाल

।। योगदान आभार।।

कुटुंब वीर सिंघल (Singhal) गोत्र
श्री महावीर प्रसाद सिधमुख

कुटुंब वीर सिंघल (Singhal) गोत्र
श्री मनोज चनाणी

कुटुंब वीर बंसल (Bansal) गोत्र
डॉ संजय बंसल

कुटुंब वीर बंसल (Bansal) गोत्र
श्री दाऊ दयाल गुप्ता

कुटुंब वीर गोयल (Goyal) गोत्र
श्री सुनील मोर

कुटुंब वीर गोयल (Goyal) गोत्र
श्री सुरेश गोयल

।। योगदान आभार।।

सिंघल (Singhal) गोत्र वीर
श्री तोलाराम लाठ

सिंघल (Singhal) गोत्र वीर
श्री बद्री नारायण लाठ

मंगल (Mangal) गोत्र वीर
श्रीमति नमिता मंगल

सिंघल (Singhal) गोत्र वीर
श्रीमति सीमा गोयल

गर्ग (Garg) गोत्र वीर
श्री अवनीश अग्रवाल

मित्तल (Mittal) गोत्र वीर
श्री ओमकार मित्तल

।। योगदान आभार।।

कुटुंब वीर सिंघल (Singhal) गोत्र
श्री लक्ष्मण नवेटिया

कुटुंब वीर बंसल (Bansal) गोत्र
श्री शीतल अग्रवाल

कुटुंब वीर कुछल (kucchal) गोत्र
श्री विजय गुप्ता

जिंदल (Jindal) गोत्र वीर
श्री रवि जिंदल

।। ऐतिहासिक महापुरुष - महाराजा अग्रसेन ।।

मासेसरश्वयुजेमाघे शुक्ले मध्य दिवसों शुभम् ।
आदित्यसवासरे महेन्द्रसमये उत्पन्नो बहु भाग्यवान ।।
भगवत्त्यां वल्लभेन प्राप्तो वंशकरः सुतः |
मनुष्याग्र्यस्य यस्यासीत् कान्तिश्चन्द्रसमो यथा ॥

प्रातः स्मरणीय महाराजा अग्रसेन अग्रवाल जाति के पितामह हुए। धार्मिक मान्यतानुसार महाराजा अग्रसेन का जन्म सूर्यवंश में प्रतिष्ठानपुर के महाराजा वल्लभ और विदर्भ की राजकुमारी भगवती देवी के राज परिवार में अश्वनी मास शुक्ल पक्ष के प्रतिपदा तिथि रविवार को महेंद्र काल में हुआ। राजकुमार अग्रसेन का विवाह नागराज कुमुद की पुत्री माधवी से हुआ।
महाराजा बल्लभ की मृत्यु के बाद पिण्डदान के लिए अग्रसेन अनेक तीर्थों के बाद गया पहुँचे। वहाँ से वह लोहागढ़ सीमा से निकल पंच नद (वर्तमान पंजाब) राज्य पहुँचे जो सरस्वती व यमुना नदी के किनारे पर स्थित था। कहते हैं वहाँ एक स्थान पर सिंहनी अपने शावक के साथ खेल रही थी। अग्रसेन जिस हाथी पर बैठे थे। वह शावक तेजी से उछला और हाथी के मस्तक पर जा बैठा। अग्रसेन ने उस स्थान के विषय में विद्वानों से राय ली। सभी ने उस जगह को वीरभूमि, उर्वरा व श्रेष्ठ बताया । ऋषि मुनियों और ज्योतिषियों की राय अनुसार नये राज्य का नाम अग्रेयगण रखा गया जिसे आज अग्रोहा नाम से जाना जाता है।

माता महालक्ष्मी की कृपा से श्री अग्रसेन के 18 पुत्र हुए। महर्षि गर्ग ने महाराजा अग्रसेन को 18 पुत्र के साथ 18 यज्ञ करने का संकल्प करवाया। माना जाता है कि यज्ञों के 18 गुरुओं के नाम पर ही अग्रवंश (अग्रवाल समाज) की स्थापना हुई । महाराजा अग्रसेन जी ने अपने राज्य को 18 गणों में विभाजित कर, अपने 18 पुत्रों को सौंप उनके 18 गुरुओं के नाम पर 18 गोत्रों की स्थापना की थी। जो इस प्रकार है ऐरन, बंसल, बिंदल, भंदल, धारण, गर्ग, गोयल, गोयन, जिंदल, कंसल, कुच्छल, मधुकुल, मंगल, मित्तल, नागल, सिंघल, तायल, तिंगल।

अहिंसा परमोधर्म

माहराजा अग्रसेन ने अहिंसा को राजधर्म का आधार बनाया । समाज में आयी कुरीतियों को, जैसे कि यज्ञ में पशु बलि का दिया जाना आदि समाप्त कर पुःन वैदिक धर्म स्थापित किया और धर्म की ओट में की जा रही हिंसा से पशुओं को मुक्ति दिलाई।

।। ऐतिहासिक महापुरुष - महाराजा अग्रसेन ।।

योऽहिंस्यकानि भूतानि हिनस्त्यात्मसुखेच्छया ।
स जीवंश्च मृतश्चैव न क्वचित्सुखमेधते ॥
वृक्षांश्छित्वा पशून् हत्वा कृत्वा रुधिरकर्दमम् ।
यद्येवं गम्यते स्वर्गे नरके केन गम्यते ? ॥

श्री अग्रसेन ने कहा - हे महर्षे ! जगत में जो कदापि हिंसा के योग्य नहीं हैं (अर्थात जो निरीह तथा सर्वथा संरक्षण के योग्य हैं) ऐसे जीवों का अपने ही सुख की कामना करने वाला (स्वार्थी पुरुष) क्या करके, इस लोक या परलोक में भला कैसे किंचित भी सुख प्राप्त कर सकेगा ? श्री अग्रसेन ने कहा- हे मुनिवरों ! वनों को काटने वाले, पशुओं की हत्या करने वाले, तथा भ्रूणहत्यादि रक्तिम कर्म करने वाले ही, यदि स्वर्ग जाएंगे, तो फिर नर्क कौन जाएगा ?

तताप नायं यज्ञस्य विधिर्मङ्गलकारकः ॥

यज्ञ में यह जो पशुबलि दी जाने लगी है, यह न तो शास्त्र सम्मत है न शुभकारक है, न मंगलकारी ही हो सकती है ।

अपरिज्ञानमेतत् मे महान्तं धर्ममिच्छतः ।
नायं धर्मकृतो यज्ञो न हिंसा धर्म उच्यते ॥

श्री अग्रसेन विचार करने लगे, कि यह (पशुबलि) अज्ञान ही है। हम महान धर्म की इच्छा तो करते हैं, फिर भी इस प्रकार यज्ञ के माध्यम से पशुवध के लिये उद्यत हो गए। यह यज्ञ (पशुबलि के कारण) न तो धर्म के अनुकुल है। ना ही इस हिंसा को धर्म कहा जा सकता है।

समानता का सिद्धांत

शासन महाराजा अग्रसेन ने अपनी सूझ-बूझ, अपने बल कौशल से एक ऐसे साम्राज्य का निर्माण किया, जिसका आधार समाजवाद, और समतावाद पर आधारित था उनके राजनीति, धर्म और समाजवाद के समन्वय से पूर्ण और व्यवहारिक था कि तत्कालीन, प्राचीन, अर्वाचीन, दार्शनिक तथा बड़े-बड़े समाजवाद के व्याख्याता भी उस तरह का दर्शन आज तक नहीं दे पाए हैं ।

।। ऐतिहासिक महापुरुष - महाराजा अग्रसेन ।।

अग्रसेन जी के राज्य में यदि कोई परिवार दैव्य-विपत्ति का शिकार हो जाता था तो समस्त राज्य के परिवार उसको एक रुपया, एक ईंट स्वेच्छा से देते थे और वह परिवार पुनः अपनी स्थिति को प्राप्त कर लेता था । समाजवाद का ऐसा अद्भुत उदाहरण अन्य किसी राज्य में न देखा गया न सुना गया। बाहर से आए हुए नए परिवार भी इसी प्रकार की सुरक्षा प्राप्त करने के अधिकारी थे । उन्होंने अपने राज्य के नागरिकों में परस्पर समता व ममता का आधार स्थायी तौर पर स्थापित करने के लिए अत्यंत सरल सा नियम बनाया, इस एक रुपया, एक ईंट के व्यवहारिक सिद्धांत ने उन्हें महान तथा आदर्श राजाओं की श्रेणी में विद्यमान किया।

लोकतंत्रात्मक गणराज्य व्यवस्था

महाराजा अग्रसेन ने राज्य में प्रसासनिक सुधार किये राज्य तो गणों में विभाजित कर गणों के प्रतिनिथि की सहायता से प्रसाशन सुनिश्चित किया, सभी गणों से निर्वाचित और मनोनीत मुख्य ही अपना प्रमुख आपसी मत से चुनते थे इस प्रकार महाराजा अग्रसेन ने प्राचीन काल में ही गणतंत्रीय शासन प्रणाली की आधारशिला रखी।

महान तपस्वी और व्यवाहरिक जन उपयोगी कार्य

